संख्या 15011/36/2022-जे यू एस (एयू)/ई6889

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय,

न्याय विभाग

विषय: **न्याय विभाग से संबंधित सितंबर 2022 माह् का मासिक सार।**

न्याय विभाग की सितंबर, 2022 माह् की महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित हैं:

1. **ईकोर्ट मिशन मोड परियोजना फेज-॥**

**i. राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिडः** वादीगण राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर 01-09-2022 तक के कंप्यूटरीकृत न्यायालयों से संबंधित 21.12 करोड़ से अधिक मामलों कि केस स्थिति और 18.73 करोड़ से अधिक आदेशों/निर्णयों के संबंध में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

**ii. वर्चुअल कोर्टः** 21 वर्चुअल न्यायालयों द्वारा 2.02 करोड़ से अधिक मामलों की सुनवाई की गई और दिनांक 01 09-2022 तक 28 लाख से अधिक मामलों में 298.50 करोड़ से अधिक राशि का जुर्माना वसूला गया।

**iii.** जस्टिस ऐपः न्यायिक अधिकारियों के लिए इस मोबाइल ऐप को दिनांक 01-09- 2022 तक 17,487 व्यक्तियों द्वारा डाउनलोड किया गया है।

**iv.** इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ईताल:इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन एकत्रीकरण एवं विश्लेषण लेयर (ई ताल) पोर्टल पर प्रकाशित पिछले 1 वर्ष के डाटा के अनुसार**,**ई कोर्ट ई ट्रांजैक्शन अकाउंट पर भारत में 5 शीर्ष मिशन मोड परियोजनाओं (एम एम पी) में से अग्रणी परियोजना है।

**v.** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग: दिनांक 03-09-2022 तक उच्चतम न्यायालय द्वारा कोविड-19 उनके समय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2,97,435 मामलों की सुनवाई की गई।

**vi.** जिला न्यायपालिका में कागज रहित न्यायालय स्कीम केरल उच्च न्यायालय द्वारा दो पायलट स्थानों पर कार्यान्वित की गई थी। इस परियोजना में मजिस्ट्रेट न्यायालय में सभी कार्य कागज रहित पद्धति में करने की परिकल्पना की गई।

2. **टेली लॉ: वंचितों तक पहुंच**

क) 30 सितंबर 2022 तक, 24,41,586 लाभार्थियों को कानूनी सलाह् प्रदान की गई जिसमें सितंबर 2022 माह के दौरान 1,19,322 लाभार्थियों की संख्या भी शामिल है।

ख) माह के दौरान, वी एल ई / पीएलवी, राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 115 जिलों में आयोजित 125 प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र/कैंपों में 3110 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया।

3. **न्याय बंधु (प्रो बोनो कानूनी सेवाएं)**

क) माह के दौरान 273 नए प्रो बोनो वकीलों ने न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन/वेब पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया है। न्याय बंधु मोबाइल ऐप के अंतर्गत कुल 4,878 वकील (पुरुष-4198, महिला-678, ट्रांसजेंडर-02) पंजीकृत हो चुके हैं।

ख) माह के दौरान उच्च न्यायालय में 127 नए वकीलों ने नामांकन किया है जिससे उच्च न्यायालयों में अब तक प्रो बोनो वकीलों की कुल संख्या 1103 हो गई है। जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालयों को इस माह में न्याय बंधु पैनल वाले उच्च न्यायालयों की सूची में शामिल किया गया। ग) इस माह में, 3 नए स्कूलों में प्रो बोनो क्लब प्रारंभ किए हैं जिससे प्रो बोनो क्लब स्कीम के तहत कुल विधि विद्यालयों /महाविद्यालयों की संख्या 68 हो गई है।

घ) माह के दौरान, न्याय तक पहुंच कार्यक्रमों पर अभिविन्यास एनएलयू नागपुर, एनएलयू जोधपुर,सिम्बायोसिस लॉ स्कूल नागपुर,यूपीईएस देहरादून, के आई आई टी विधि विद्यालय भुवनेश्वर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, रेवा विश्वविद्यालय बेंगलुरु,वी आई पी एस (आईपी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) और महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय दिल्ली), में संचालित किए गए। राज्य स्तर का प्रो बोनो सम्मेलन 5 विधि विद्यालयों द्वारा गांधीनगर में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। सामुदायिक देखभाल कानूनी सहायता (कम्युनिटी के असिस्टेंस) के लिए ग्राम एडॉप्शन का कार्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली और सिम्बायोसिस लॉ स्कूल नोएडा द्वारा किया गया।

**4. कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (एल एल एल एपी)**

क) 25 सितंबर, 2022 को सिक्किम राज्य महिला आयोग ने **"वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से प्रदत सेवाओं"** पर टॉक शो का आयोजन किया और इसके माध्यम से 12,000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचा गया।

ख) सेंटर फॉर कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट्स सोसायटी, जयपुर, राजस्थान ने राजस्थान के बारां जिले में 6525 प्रतिभागियों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। माह के दौरान,10 पंचायत स्तर के संवेदीकरण सत्र, 7 धानी बैठकें और दो व्यापक जागरूकता अभियान भी संचालित किए गए।

ग) नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया विश्वविद्यालय (एनएलएसआइयू), बेंगलुरु कर्नाटक ने 30 सितंबर, 2022 को तीसरा कानूनी सहायता निर्वाचिका सभा (कॉन्क्लेव)आयोजित किया; और 180 प्रतिभागियों के लिए उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 3 सितंबर, 2022 को एक दिवसीय कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यशाला भी आयोजित की।

घ) अरुणाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने 5 सितंबर 2022 से 23 सितंबर 2022 तक चार जिलों-पापुम पारे, अपर सियांग, पक्के केसांग और पूर्वी कामेंग के गांव बुजुर्गों के साथ ईच वन टीच टेन ( ई1टी10) आउटरीच अभ्यास संचालित किया और इसके माध्यम से 116 लाभार्थियों तक पहुंचा गया।

ड़) 16 सितंबर, 2022 को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली ने **"रेजिंग लीगल लिटरेसी थ्रू आर्टिस्टिक एक्सप्रेशंस एंड ऑडियो/विजुअल कंटेंट क्रिएशन"** प्रतियोगिता लांच की। इन प्रतियोगिताओं के परिणाम 10 अक्टूबर, 2022 को घोषित किए जाएंगे।

**5. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा)**

25 सितंबर, 2022 को हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षण में धर्मशाला में मेगा लीगल सेवा कैंप आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की गई।

xxxxxxxxxxxx